तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 5 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

6 बिना अनुमति उत्तरप्रदेश के तस्कर कर रहे नीलगिरी एवं सेमल पेड़ों की अवैध ...



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# शहर में शुरू हुआ सड़कों की पैच रिपेयरिंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भूमिपूजन के बाद कराया जा रहा है काम, खटिकपारा सड़क से हुई शुरुआत

लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार शहर में सड़कों के डामरीकरण और मरम्मत का कार्य शुरू हुआ। मंगलवार को शहर के खटिकपारा मोहल्ले में पैच रिपेयरिंग के काम का उद्घाटन हुआ। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्य की शुरुआत की। पैच रिपेयरिंग का काम शुरू होने के बाद लोगों को गड्ढों और धूलभरी सड़क से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है।

बता दें कि शहर के सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। बारिश के समय समय पर पैच रिपेयरिंग नहीं होने के कारण भारी बारिश से शहर की सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे हो गए और इन गड्ढों के कारण लोग दुर्घटना के शिकार होते रहे। इसके साथ ही गड्ढों को भरने के लिए स्टोन डस्ट और गिट्टी भरने के बाद अब लोगों को धूल के गुबार का सामना करना पड़ रहा है। शहर की जर्जर सड़कों को लेकर अनेकों आन्दोलन हुए। इस बीच ननि की सरकार ने डामरीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। लम्बे इंतजार के बाद टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पिछले महीने महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के नेतृत्व में निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया था लेकिन भूमिपूजन होने के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई जिससे काम प्रभावित हो गया। अब मौसम साफ होने के बाद मंगलवार से पैच रिपेयरिंग का काम फिर से शुरू किया गया है। इस दौरान शहर के वार्ड क्रमांक 13 मंगल पाण्डेय वार्ड के खटिकपारा रोड में पैच रिपेयरिंग के कार्य की शुरुआत की गई। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, वार्ड पार्षद श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, ननि आयुक्त डीएन कश्यप की मौजूदगी में 23 लाख रुपए की लागत से होने वाले पैच वर्क का काम शुरू हुआ। इसके तहत रिंग रोड को गौरव पथ से जोड़ने वाली सड़क के मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस दौरान पार्षद मनोज गुप्ता, दीपक सिंह तोमर, प्रियंका चौबे, अवधेश सोनकर, आकाश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



पैच रिपेयरिंग का शुरू हुआ काम।

## 9 करोड़ की लागत से पैच वर्क

बताया जा रहा है कि शहर में डामरीकरण, पैच वर्क, सीसी सड़क, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपए की लागत से टेंडर किया गया है। इसमें से लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से पैच वर्क किया जाना है। निर्माण कार्यों के लिए शहर को पांच जोन में बांटा गया है। हालांकि ननि क्षेत्र में सड़कों की जो स्थिति है उसमें यह राशि काफी नहीं है। आने वाले समय में ननि को पैच वर्क और डामरीकरण के लिए करोड़ो रुपए की जरुरत पड़ने वाली है तब जाकर लोगों को राहत मिल सकेगी लेकिन फिलहाल इस राशि से कुछ सडकों की स्थिति सुधर जाएगी।

### व्यावसायिक मार्गो की स्थिति खराब

शहर में सबसे बुरी स्थिति व्यावसायिक सड़कों की है। बड़ी बात यह है कि सभी प्रमुख व्यावसायिक मार्ग राष्ट्रीय राज मार्ग के अधीन है जबकि कुछ सड़कें लोक निर्माण विभाग के पास है। लोक निर्माण विभाग ने भी डामरीकरण का काम शुरू कर दिया है लेकिन एनएच का काम अभी तक शुरू नहीं है। एनएच विभाग द्वारा वर्तमान स्थिति में भी गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी और स्टोन डस्ट का उपयोग किया जा रहा है जिससे शहर के मुख्य मार्गों में धूल और जर्जर सड़क से लोग परेशान है।

### शुरू हो गया है काम

सड़कों के पैच रिपेयरिंग और मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाएगा और राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। एनएच और लोक निर्माण विभाग भी जल्द ही काम शुरू करेंगे जिससे लोगो को जर्जर सड़क से मुक्ति मिल सकेगी।



-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर

## खबर संक्षेप

### आश्रम शाला पशुपतिपुर की प्रभारी अधीक्षिका सुमित्रा सिंह निलंबित

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कन्या आश्रम पशुपतिपुर की प्रभारी अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला कन्या आश्रम के कर्मचारियों ने प्रधानपाठक व प्रभारी अधीक्षक श्रीमती सुमित्रा सिंह के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने संबंधी शिकायत की थी। शिकायत की जांच हेतु टीम का गठन किया गया था। समिति की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रीमती सुमित्रा द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जो कि एक शासकीय सेवक के लिए शोभनीय नही है। साथ ही जांच में पाया गया कि सुमित्रा सिंह के द्वारा बच्चों को पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री उपलब्ध नही कराया जाता है। श्रीमती सुमित्रा सिंह द्वारा आश्रम में कार्यरत कर्मचारियों के साथ अमार्यादित एवं अशोभनीय व्यवहार एवं अन्य अधिरोपित आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई है तथा अधीक्षिका के प्रभार से भारमुक्त किये जाने बावजूद आश्रम के भण्डार कक्ष में ताला बन्द कर अपने अधिपत्य में रखे जाने के कारण आश्रम के बच्चों को पोषण सहित बुनियादी सुविधाएं कराने में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होने के कारण श्रीमती सुमित्रा सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने पर उनके द्वारा पत्र लेने इंकार किया जाना प्रमाणित पाया गया है। श्रीमती सुमित्रा सिंह, का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर ने श्रीमती सुमित्रा सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के प्रतापपुर गाम पोड़ी निवासी 48 वर्षीय राजाराम आ. स्व. शिवलाल रजवार का 4 वर्ष पूर्व शासकीय प्लाट में पेड़ लगाने के दौरान कोरबा के कटघोरा निवासी शंकर लाल रजक से जान पहचान हुई थी। इस दौरान शंकर लाल रजक ने रायपुर में जान पहचान होने के कारण उसके बेटे धर्मजीत की नौकरी हॉस्टल अधीक्षक के पद पर लगाने का झांसा दिया था। नौकरी लगाने के नाम पर शंकर लाल रजक ने 6 लाख रुपए की मांग की थी ऐसे में बेटे की नौकरी लगने की लालसा में राजाराम ने अपने रिश्तेदारों से दुहार में लेकर 9 जुलाई 2022 को पहली बार 2 लाख रुपए शंकर राजवाड़े और रामबेलास राजवाड़े के समक्ष दिया था। इस तरह अलग अलग तीन किश्तों में उसने आरोपी को कुल 6 लाख रुपए दिया था। रुपए लेने के बाद आरोपी ने ज्वाइनिंग लेटर डाक से घर पहुँचने की बात कही थी लेकिन युवक की नौकरी नहीं लगी जिसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। जब राजाराम ने अपने पैसे मांगे तो वह टालमटोल करता रहा। बाद में दुप्पी सरपंच लक्ष्मी सिंह के माध्यम से उसने 50 हजार रुपए वापस लिया जबकि बाद में शेष रकम के लिए तीन चेक दिया था लेकिन चेक बैंक में बाउंस हो गया। ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी शंकर लाल रजक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### कार से लेकर जा रहे थे गांजा

# 12 लाख के गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



जब्त गांजा के साथ आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम की कार्रवाई

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने उड़ीसा के सप्लायर से भारी मात्रा में गांजा खरीद कर लेकर जा रहे कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के कार से 12 लाख कीमत की 56 किलो गांजा बरामद किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गांजा व कार को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के साथ संभागीय उड़नदस्ता की टीम लखनपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जैसे ही संभागीय उड़नदस्ता की टीम पुहपुटरा मार्ग पर पहुंची तभी एक नई ग्रैंड विटारा कार को जब ओवरटेक कर आगे निकले तभी कार चालक आबकारी उड़न दस्ता टीम को देख घबरा गया । चालक के हड़बड़ाहट देख शक होने पर आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने शक के आधार पर कार को रोका। जब चालक से घबराने के संबंध में पूछताछ की तो चालक ने बताया कि कार में गांजा रखा हुआ है। कार में बैठे दोनों व्यक्तियों ने पूछताछ की तो अपना नाम जगत राम राजवाडे तथा अरविंद राजवाड़े बताया। जब उड़नदस्ता टीम ने कार की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। पूरे कार में गांजा का पैकेट भरा हुआ था जब पैकेट को गिनती की तो कुल 54 पैकेट गांजा के थे। उड़नदस्ता की टीम ने 12 लाख कीमत के 56.559 किलोग्राम गांजा सहित कार को जब्त कर आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 सी के तहत गिरफ्तार किया। उड़नदस्ता की टीम ने आज आरोपी लखनपुर क्षेत्र के ग्राम कोरजा नवापारा निवासी जगत राम राजवाड़े व भिट्ठी कला निवासी अरविंद राजवाड़े को विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक तेजराम केहरी तथा मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह, अंजू एक्का,नीरज चौहान सक्रिय रहे।

इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम गांजा पकड़ने में सफलता मिली है। 12 लाख कीमत के 56 किलो गांजा को लेकर कार सवार अपने क्षेत्र में खपाने लेकर जा रहे थे। पूछताछ में पता चला की कार सवार उड़ीसा से आए गांजा सप्लायर से गांजा खरीदे थे। रंजीत गुप्ता ने बताया कि इसके पूर्व पिछले साल मुकेश राम यादव को 40 किलो गांजा के साथ फोर्ड इको स्पोर्टस कार में पकड़ा गया था। उक्त आरोपी मुकेश राम यादव को न्यायालय ने 14 वर्ष के सश्रम कारावास तथा₹1 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई थी।

## ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे चेंबर बनाकर हो रही थी गांजा तस्करी

- 106.60 केजी गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बलरामपुर।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक ट्रैक्टर से 106.60 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। तस्कर ट्रैक्टर ट्राली के नीचे अलग से चेम्बर बनाकर गांजा की तस्करी कर बिहार ले जा रहा था। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में ट्रैक्टर चालक को पकड़ने के साथ ही लाखों रुपए का गांजा जब्त किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबिकापुर से एक ट्रैक्टर चालक लाल रंग की महिंद्रा ट्रैक्टर के हाइड्रोलिक ट्रॉली के नीचे बने गुप्त चेम्बर में गांजा छिपाकर तस्करी कर रहा है। सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 3 नवम्बर की रात नाकाबंदी की गई। पुलिस ने अंबिकापुर की ओर से आ रहे संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान ट्रैक्टर के पीछे लगे पीले रंग एक हाइड्रोलिक ट्रॉली की जांच की गई। जांच के दौरान ट्रॉली के नीचे वेल्डिंग कर गुप्त चेंबर बनाया गया था। पुलिस टीम ने जब उक्त चेंबर को खोलकर जांच की गई तो उनके होश उड़ गए। चेंबर के अंदर गांजा के 75 पैकेट भरे हुए थे। इस दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर चालक बिहार के रोहतास अंतर्गत शिवसागर करारी निवासी 24 वर्षीय इजहार आलम आ. स्व. मुमताज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर बिहार में खपाने जा रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली से कुल 106.60 किलोग्राम गांजा जब्त करने के साथ ही आरोपी इजहार आलम को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख), 2 (ग) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रैक्टर व ट्रॉली को जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस इस गांजा तस्कर के सप्लायर का पता लगा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बलरामपुर भापेन्द्र साहू, सउनि राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक शिपक शर्मा, श्रीनाथ सिंह, शैलेंद्र तिवारी, आरक्षक महेंद्र गुप्ता, सचिंद्र सिंह, बिंदु यादव, दलसाय श्यामले सक्रिय रहे।



# पशिचम बंगाल से काम करने आए युवक की मैनपाट में हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कुदारीडीह गांव के समीप मिला शव, घटना के बाद से मृतक का साथी फरार

सरगुजा के मैनपाट में युवक की हत्या का मामला सामने आया है। क्षेत्र के कुदारीडीह बस्ती के समीप युवक का शव रक्तरंजित हालत में मिला है। मृतक पश्चिम बंगाल से आकर मैनपाट के एक रिसॉर्ट में सेंट्रिंग का काम कर रहा था। इस घटना के बाद से मृतक का एक साथी भी फरार है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि युवक ने ही अपने साथी की हत्या की है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों ने कुदारीडीह बस्ती के समीप पत्थरों के समीप एक युवक का खून से सना हुआ शव मिला। ग्रामीणों ने गांव में शव मिलने की घटना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कमेलश्वरपुर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान शुरू की गई। इस दौरान मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के परगना निवासी 45 वर्षीय राजू कर्मकार आ. निरंजन कर्मकार के रूप में की गई। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदारीडीह में वसुंधरा हिल्स रिसॉर्ट का काम चल रहा है। रिसॉर्ट के निर्माण हेतु सेंट्रिंग का काम करने के लिए पश्चिम बंगाल से मजदूर आए हुए है। मजदूर रिसॉर्ट के समीप ही रहकर काम करते है। मृतक राजू भी इन्ही मजदूरों में से एक था। पुलिस द्वारा शव को पंचनामा उपरांत मर्च्युरी में रखवाया गया है और परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही मौके पर पहुंची एफएसएल व पुलिस की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## साथ में बैठकर पी शराब

पुलिस के अनुसार मृतक राजू कर्मकार और उसके साथी चंदन मंडल को सोमवार की रात एक साथ देखा गया था। इसके साथ ही घटना स्थल को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों ने मौके पर बैठकर एक साथ शराब पी है। संभवतः शराब पीने के दौरान ही किसी विषय को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ जिसके बाद चंदन मंडल ने राजू कर्मकार की पत्थर से सिर पर वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद से ही चंदन मंडल फरार चल रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### चल रही है जांच

युवक के हत्या की जांच चल रही है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जाएगी। इसके साथ ही संदेही की तलाश भी जारी है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

# चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- चॉकलेट देने के बहाने अपने घर ले जाकर किया था दुष्कर्म



नगर पंचायत क्षेत्र में एक चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले से नगर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा मचाया और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक नगर पंचायत की 4 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ में पड़ोस के रहने वाला युवक ने बच्ची से दुष्कर्म किया जिससे आरोपी के घर जगह-जगह रक्त पाया गया। पुलिस ने बताया कि घटना तब हुई जब बच्ची के पिता प्रतापपुर मार्केट करने बाजार आए हुए थे जबकि स्कूल से आकर बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। तभी बगल के रहने वाले रोशन टोप्पो आ. रामकिशन (21 वर्ष) ने 4 वर्षीय बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने घर ले गया और अपने रूम में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर आरोपी ने बच्ची को घर के बाहर छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि जिस वक्त आरोपी ने घटना को अंजाम दिया उस वक्त वह नशे के हालात में धुत था। बच्ची की हालत को देख परिजन तत्काल घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। परिजन चार वर्षीय बच्ची को सामुदायिक ⏭ शेष पेज 4 पर

### अनोखी शादी: 65वीं वर्षगांठ पर परिवार ने कराया विवाह

# 82 साल का दूल्हा और 77 साल की दुल्हन ने एक दूसरे को पहनाई वरमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देवउठनी के बाद मांगलिक कार्य शुरू हो गए है और शादी विवाह का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच सोमवार को शहर में एक अनोखा विवाह हुआ जिसमें 82 साल के दूल्हे और 77 साल की दुल्हन ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई और फिर से एक दूसरे से साथ जीवन असर करने का वचन लिया। परिवार के लोगों ने बुजुर्ग दम्पति के 65वें वैवाहिक वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए इस शादी का आयोजन किया था। दरअसल शहर के ब्रम्ह रोड निवासी बलदेव प्रसाद सोनी और उनकी पत्नी बेचनी देवी ने इस वर्ष अपने दाम्पत्य जीवन का 65वां वर्षगांठ मना रहे है। इस बुजुर्ग दम्पति के शादी के सालगिरह को यादगार बनाने के लिए परिवार के सदस्यों ने शादी के जश्न के रूप में मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हल्दी रस्म से हुई जिसमें परिवारजनों और रिश्तेदारों ने बढ़चढ़कर भाग लिया इसके बाद दूसरे दिन बारात भी निकाली गई जिसमें ढोल नगाड़े की धुन पर रिश्तेदार और स्थानीय लोग जमकर नाचे। दूल्हा बने बलदेव प्रसाद सोनी ने पारंपरिक पोशाक पहनकर सबका दिल जीत लिया वहीं दुल्हन बनीं बेचनी देवी ने मुस्कुराते हुए फिर से सात फेरे लेने की यादें ताजा कर दी। परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार और रिश्तों की अहमियत से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था पूरे कार्यक्रम में आनंद और भावनाओं का माहौल बना रहा। खास बात ये की स्थानीय लोगों ने भी इस अनूठे आयोजन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यह शादी नहीं, बल्कि समर्पण और प्रेम की मिसाल है। बलदेव प्रसाद सोनी के बड़े बेटे दिनेश और छोटे बेटे विनोद के साथ दो बेटियां मंजू और अंजू है ने बताया कि जब वो बड़े हुए तो उनके माता पिता अक्सर ये बात कहते थे कि उनकी शादी कम उम्र में कर दी और आर्थिक संपन्नता न होने के कारण उनके शादी के शौख पूरे नही हो सके यही कारण था कि चारो ने एक साथ मिलकर अपने माता पिता के शादी के सालगिरह का आयोजन किया जिसके लिए बाकायदा सभी रस्मे निभाई गई। इस आयोजन में बहुओं बसंती और उर्मिला के साथ दोनो समाद शिवशंकर और अशोक ने भी खूब सहयोग किया। आम तौर पर ऐसा सौभाग्य कम ही मिल पाता है कि कोई अपने परपोता के साथ इतना लंबा जीवन जी सके मगर बलदेव और बेचनी अभी एक दम स्वस्थ है और अपने परपोते जो कि खुद भी 18 साल का हो गया है के साथ जीवन का आनंद ले रहे है। इस आयोजन में खास बात ये रही कि बलदेव और बेचनी के बारात में उनका परपोता तनिष्क सर्राफ सारथी बनकर गाड़ी मे बैठाकार परदादा दूल्हा और परदादी दुल्हन को लेकर गया।



# दो दिन के भीतर पारा 7 डिग्री की गिरा

- तापमान पहुंचा 12 .4 डिग्री, बढ़ेगी ठंड

**अंबिकापुर।** हवा की दिशा बदलते ही ठंड ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। चक्रवाती तूफान का प्रभाव खत्म होने के बाद अब उत्तर की हवा अपने साथ ठंडक लेकर पहुंच रही है जिससे तापमान में गिरावट होने के साथ ही सुबह शाम अच्छी ठंड लग रही है। चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने के साथ ही हवा की दिशा बदल गई थी जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर पहुंच गया था। बादलों की आवाजाही के कारण गर्मी एवं उमस बढ़ गई थी। चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ने के बाद 31 अक्टूबर से रात के तापमान में आंशिक गिरावट हो रही थी लेकिन रविवार को हवा की दिशा बदल कर उत्तरी एवं पश्चिमोत्तर होते ही पारा में गिरावट होना प्रारंभ हो गया है। सोमवार को न्यूनतम तापमान में 3.6 डिग्री वहीं मंगलवार को 3.5 डिग्री कुल 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई हा। मौसम विज्ञानी रात के तापमान में और अधिक गिरावट होने के साथ ही एक-दो दिन में न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री के निकट पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे है। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण 30 अक्टूबर को न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री पहुँच गया था। तूफान के कमजोर पड़ने पर पारा में तीन दिनों में 3.7 डिग्री की गिरावट हुई थी जबकि हवा की दिशा बदलने के बाद 2 दिनों में ही पारा 2.1 डिग्री की गिरावट के साथ 12.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। हवा के साथ उत्तर की ठंड पहुंचने के कारण मौसम विज्ञानी तापमान और अधिक गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे है। हालांकि उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ के ताकतवर होने पर पारा में कुछ वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।


ॐ श्री गणेशाय नमः
उत्सव है श्री श्याम बाबा को, बाजे ढोल मृदंग।
इस उत्सव में पाधारियों, कुटुंब कबिले संग।
ॐ श्रीश्याम देवाय नमः
कलयुग में बस एक सहारा है, खाटू वाला श्याम हमारा है।
चारों तरफ दरबार की चर्चा है,हाथों हाथ देता पर्चा है।
ॐ श्री हनुमते नमः
29 वां भव्य श्री श्याम महोत्सव
बुधवार, 5 नवम्बर 2025
भव्य शोभा यात्रा
सतरंगी निशान
सजीव झाकियों के साथ
प्रातः 10:00 बजे से
स्थान - श्री राम मंदिर, अम्बिकापुर से
श्री श्याम मंदिर
भक्ति भाव एवं संगीत की त्रिवेणी में डुबकी लगाने हेतु
आप सपरिवार एवं ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।
बुधवार, 5 नवम्बर 2025
भजनों की अमृत वर्षा
सायं 6:00 बजे से प्रभु की इच्छा तक
संजय सैन
श्याम दरबार (सूरजगढ़)
वर्षा गर्ग
गुड़गांव (हरियाणा)
अमिशी आशी उपाध्याय
(छत्तीसगढ़)
मनीष गोयल अध्यक्ष
पूनम चंद अग्रवाल उपाध्यक्ष
मक्खन अग्रवाल सचिव
मुकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष
आयुष अग्रवाल सह सचिव
आनन्द अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष
नवीन सुभाष गोयल पूर्व अध्यक्ष
दुर्गा प्रसाद अग्रवाल
पवन अग्रवाल
अरूण अग्रवाल
संजय गोयल
घीसु राम अग्रवाल
श्याम सुंदर बंसल
प्रदीप अग्रवाल
अजय कुमार गोयल
अजय केडिया
मुकेश अग्रवाल
रमन अग्रवाल
बाबूलाल गोयल
शैलेन्द्र अग्रवाल
सुमित अग्रवाल
रितेश गर्ग
आयोजक श्री श्याम सेवा मण्डल परिवार पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)


Shri Shyam Diagnostic
Imaging and interventions
Cancer Is Curable If Detected Early
श्री श्याम डायग्नोस्टिक सेंटर
जेल रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
सरगुजा का सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद डायग्नोस्टिक सेंटर
उपलब्ध सुविधाएं
✦ यु.एस.जी., डोप्पलर, 3डी, 4 डी और इलास्टोग्राफी ✦ एक्स-रे ✦ ओ.पी.जी. ✦ मैमोग्राफी ✦ एम.आर.आई. ✦ ई.सी.जी.
✦ 32 मल्टी-स्लाइस फुल बॉडी सी.टी. स्कैन ✦ इको कार्डियोग्राफी ✦ ई.ई.जी. ✦ ऑडियोमेट्री ✦ बेरा (BERA) ✦ एन.सी.वी
श्री श्याम महोत्सव पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सतीश अग्रवाल रितेश एजेंसी कुण्डला सिटी अम्बिकापुर मो.99770-47770
आनंद अग्रवाल श्री श्याम कोल्ड स्टोर एमजी रोड अम्बिकापुर मो. 98261-90773
विनोद अग्रवाल गोपाल एजेंसी रिलायंस पंप के पास, अम्बिकापुर मो.94255-60021
विष्णु अग्रवाल गोपाल ट्रेडर्स (सुमीत ट्रेडर्स) खरसिया रोड अम्बिकापुर मो. 98261-22820
स्व. संजय अग्रवाल (गणित) श्री श्याम टायर्स रिलायंस पंप के पास अम्बिकापुर मो.94252-54105
गोपाल अग्रवाल गोपाल दाल मिल कुण्डला सिटी अम्बिकापुर मो.91658-00600
राजेश अग्रवाल ओम गुड़ उद्योग ग्राम मंदेश्वरपुर, बरियों मो. 98266-611128
डॉ. सुजीत अग्रवाल
MBBS, MD, Radiodiagnosis
(टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई)
Fellow Ship in Advanced Ultrasound and Fetal Medicine (Mumbai)
संदीप अग्रवाल श्याम आलू भंडार रिलायंस पंप के पास, अम्बिकापुर मो.98261-25763
विपिन अग्रवाल गोपाल एजेंसी रिलायंस पंप के पास अम्बिकापुर मो. 76940-60021
रितेश अग्रवाल रितेश एजेंसी अम्बिकापुर मो.9977047770
राकेश अग्रवाल रितेश एजेंसी अम्बिकापुर मो. 9826165472
सुमीत गर्ग गर्ग राईस प्रोडक्ट राईस मिल लखनपुर मो. 9826432820
राहुल गर्ग गर्ग राईस प्रोडक्ट FRK प्लांट लखनपुर मो. 8889288820
कान्हा अग्रवाल श्री श्याम टायर्स अम्बिकापुर मो. 9669020756
दिव्यांशु गर्ग कृष्णा पल्सेस अम्बिकापुर मो. 9165800600
संपर्क : +91-91113-30088, +91-93016-45085 | पता: जेल रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
वेबसाइट : www.shrishyamdiagnostic.in ईमेल आई.डी.: shrishyamdiagnostic88@gmail.com

## खबर संक्षेप

### अनुकंपा नियोजन के लिए एसओपी समीक्षा की बैठक 8 को

**बिश्रामपुर।** अनुकंपा नियोजन के एसओपी की समीक्षा के लिए गठित सब कमेटी की दूसरी बैठक 8 नवंबर को होगी, वहीं कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड की 54 वीं बैठक 17 महीने बाद 7 नवंबर को होगी,एसओपी समीक्षा कमेटी की पहली बैठक 4 सितंबर को दिल्ली में हुई थी,जिसमें आश्रित बेटियों को एक जुलाई 2021 से नियोजन देने की मांग यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा जोर शोर से उठाया गया था, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इस बैठक में सहमति होने के आसार बताए जा रहे हैं। इस कमेटी की बैठक में एसईसीएल के निदेशक एचआर विरंची दास, ईसीएल के निदेशक एचआर जीके सिन्हा, सीआईएल के मैनेजर एचआर रितिका श्रीवास्तव और बीएमएस से संजय चौधरी, एटक से लखनलाल महतो, एचएमएस से शिवकुमार यादव और सीटू से आरपी सिंह शामिल होंगे। ज्ञात हो कि सीआईएल वेलफेयर बोर्ड की 53 वीं बैठक 29 जून 2024 को नागपुर में हुई थी। इसके बाद बोर्ड के सदस्यों ने एनसीएल का दौरा किया था। बैठक में सीआईएल के निदेशक एचआर विनय रंजन के अलावा सभी अनुषंगी कंपनियों के निदेशक एचआर, सिंगरेनी के डीपी और सीटू के पीएस पांडेय, बीएमएस के टिकेश्वर सिंह, एटक से अशोक यादव एवं एचएमएस से एसपी बेहरा शामिल होंगे।

### पूर्व पिलखा नायब तहसीलदार मानिकपुरी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** प्रशासनिक सेवा में तीन दशकों से अधिक ड्यूटी कर रहे पिलखा उपतहसील बिश्रामपुर के पूर्व नायब तहसीलदार रामबिलास



मानिकपुरी 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए हैं,अपने सादगीपूर्ण स्वभाव, कार्यकुशलता के लिए चर्चित रहे श्री मानिकपुरी ने 35 वर्षों तक राजस्व विभाग में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दीं,मूलतः ग्राम दतिमा निवासी आर.बी मानिकपुरी ने अपने कैरियर की शुरुआत एक शासकीय स्कूल से पढ़ाई करके शुरू की थी,उन्होंने 25 वर्ष पटवारी,7 वर्ष राजस्व निरीक्षक तथा 3 वर्ष नायब तहसीलदार के रूप में कार्य करते हुए न केवल विभाग में अपनी दक्षता का परिचय दिया बल्कि आमजन के बीच एक सरल अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई,सेवानिवृत्ति पर सहकर्मियों व अधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है, उनकी सेवानिवृत्ति पर सहकर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ सुखद एवं सक्रिय जीवन की मंगलकामना की है।

### किसानों को दिया गया डीडीएसआर पद्धति से बुआई का प्रशिक्षण



**लखनपुर।** विकासखंड के ग्राम लहपटरा में किसान क्राफ्ट द्वारा किसानों के लिए सूखे सीधी बुआई धान (डीडीएसआर) प्रौद्योगिकी पर प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों को बताया गया कि सूखे सीधे बीज वाले धान की तकनीक पारंपरिक धान की खेती की तुलना में 50 प्रतिशत तक कम पानी का उपयोग करती है तथा इससे उर्वरक, कीटनाशक, श्रम लागत और ग्रीनहाउस गैस (मीथेन) उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। जहां पारंपरिक धान की एक किलोग्राम उपज के लिए लगभग 5000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है वहीं डीडीएसआर पद्धति में यह मात्रा 2000 से 2500 लीटर के बीच रहती है। कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉ. पांडुराम पैकरा ने पानी और संसाधनों की कमी के बावजूद उत्पादन बढ़ाने के लिए ड्राई डायरेक्ट सीडेड राइस तकनीक अत्यंत उपयोगी है। किसान क्राफ्ट द्वारा विकसित नई किस्में न केवल कम पानी में बेहतर उपज देती हैं बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य को भी बनाए रखती हैं। किसान क्राफ्ट के डेवलपमेंट मैनेजर किशनजीत सिन्हा ने बताया कि इस तकनीक में नर्सरी, पानी में रोपाई और भूमि समतलीकरण की आवश्यकता नहीं होती। जोनल मैनेजर सुधांशु मिश्रा ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य सीमांत किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

### बारिश प्रभावित कृषकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**वाड्रफनगर।** पिछले दिनों हुई बारिश से प्रभावित कृषकों ने पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल कुशवाहा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों का कर्ज माफ करने, बारिश से क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा भुगतान करने एवं बचे धान की खरीदी करने की मांग की गई है। कृषकों ने बताया कि पिछले दिनों रूक-रूक कर हुई बारिश से धान की तैयार खड़ी फसल लेट गई है तथा खेतों में भरे पानी में भींगने के कारण बालियों से अंकुर निकल रहे हैं। कहीं फसल भी भींगकर खराब हो गई तथा बालियों का रंग बदल गया है। साथ ही बालियां अंकुरित हो रही है। वर्षा से किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। बारिश से क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा नहीं मिला तो किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अनिल कुशवाहा ने कहा कि किसानों की मेहनत को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार को शीघ्र राहत पैकेज, कर्जमाफी एवं मुआवजा की घोषणा करनी चाहिए।

## तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे किसान

# शंकरगढ़ क्षेत्र में धान खरीदी से पहले किसानों में मायूसी, कई किसानों का रकबा शून्य दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

धान खरीदी से पूर्व ही शंकरगढ़ क्षेत्र के किसानों में मायूसी छा गई है। आलम यह है कि किसान खेतों में तैयार धान की फसल की कटाई करने के बजाय तहसील कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है। हैरान की बात तो यह है कि धान खरीदी से पूर्व ही शंकरगढ़ क्षेत्र के कई किसानों का रकबा शून्य दर्ज किया है जबकि किसान कई सालों से उसकी रकबा से धानी की विक्रय करते आ रहे है। गिरदावरी में बरती गई लापरवाही का खामियाजा अब किसानों को भुगतना पड़ रहा है और कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है।

**खास बात**

- उसी रकबा से किसान वर्षो से बेच रहे थे अपनी उपज

प्रदेश में 15 नवम्बर से धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, लेकिन धान खरीदी से पूर्व ही शंकरगढ़ क्षेत्र के किसानों में इस बार मायूसी का माहौल है। पंजीयन में संशोधन कराने वाले कई किसानों के नाम पर इस बार धान का रकबा शून्य दर्ज किया गया है। किसानों का कहना है कि उनके नाम पर जमीन दर्ज है और वे वर्षों से नियमित रूप से धान विक्रय करते आ रहे हैं, बावजूद इसके इस बार उनके खातों में रकबा शून्य कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। लेकिन पंजीयन और गिरदावरी में लापरवाही के कारण कई किसानों की मेहनत की फसल मंडी तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। किसानों का आरोप है कि तहसील स्तर पर गिरदावरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों ने बिना वास्तविक निरीक्षण किए कागजों पर ही काम निपटा दिया जिससे कई किसानों का रकबा कम या शून्य कर दिया गया है। ऐसे में किसानों को अब अपनी जमीन और फसल का रकबा सुधरवाने के लिए तहसील कार्यालय का लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



तहसील कार्यालय के सामने मौजूद किसान।

**करते है 20 किमी लंबी दूरी तय**

धान खरीदी से पूर्व ही शंकरगढ़ क्षेत्र के कई किसानों का रकबा शून्य दर्ज करने से अब किसानों की परेशानी काफी बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों से 10 से 20 किलोमीटर दूर से आने वाले किसानों को इसके चलते भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि गिरदावरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लापरवाही के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। समय पर धान बिक्री कर सके इसके लिए आवेदन में सुधार करवाने के लिए उन्हें टाइपिस्टों या दलालों को 200 से 500 रुपये तक भुगतान करना पड़ रहा है। एक दिन में काम नहीं होने पर उन्हें पुनः दूसरे दिन भी लंबी दूरी तय कर कार्यालय आना पड़ता है।

**दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग**

गिरदावरी में की गई गड़बड़ी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। जिन किसानों का रकबा शून्य या कम दर्ज हुआ है, उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर शीघ्र सुधार किया जाए, ताकि किसान अपनी मेहनत की फसल को समर्थन मूल्य पर बेच सकें।

**जल्द सुधार किया जाएगा**

शासन द्वारा किसानों के धान गिरदावरी के लिए गांव-गांव से कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। उनकी लापरवाही के कारण कुछ किसानों का रकबा कम या शून्य दर्ज हो गया है। ऐसे मामलों का सुधार जल्द ही किया जाएगा।

-गजराज सिंह, नायब तहसीलदार

## केशवनगर स्थित महिला की जमीन को फर्जी तरीके से हड़पने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पुलिस में हुई शिकायत

ग्राम पंचायत केशवनगर स्थित भूमि पर एक महिला द्वारा फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री कराए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत बिश्रामपुर पुलिस से की गई है,बिश्रामपुर पुलिस को दिए ज्ञापन में लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमगला निवासी फूलवासो पति बीरबल ने उल्लेख किया है कि उसकी जमीन ग्राम केशवनगर में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 889/12 और 1071/6 है,कुल रकबा 0.090 और 0.020 हेक्टेयर की यह भूमि उसके नाम पर दर्ज थी, लेकिन 27 जून 2025 को नागेश सिंह आर्मो नामक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर और पहचान बदलकर यह जमीन अपने नाम रजिस्ट्री करा ली है।

मामले में सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ कि आरोपी ने रजिस्ट्री के दौरान फूलकुंवर नाम की महिला को फूलवासो बताकर दस्तावेज तैयार कराया,जबकि वास्तव में दोनों अलग-अलग महिलाएं हैं,फूलवासो ने जब इसकी जानकारी प्राप्त की,तो उन्होंने तत्काल दस्तावेजों की जांच कराई,जांच में पाया गया कि नाम और हस्ताक्षर दोनों में गड़बड़ी की गई है,जिससे साफ संकेत मिलते हैं



कि यह सोची-समझी साजिश के तहत किया गया फर्जीवाड़ा है,आवेदिका का कहना है कि इस घटना से उसका परिवार मानसिक तनाव और आर्थिक संकट से गुजर रहा है,उन्होंने कहा कि वर्षों की मेहनत से अर्जित जमीन पर कब्जा करने के लिए यह जालसाजी और धोखाधड़ी की गई है,फूलवासो ने मांग की है कि पुलिस आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी जमीन वापस दिलाए, इस संबंध में बिश्रामपुर पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला भूमि विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है,पुलिस ने आवेदिका को न्यायालय की शरण में जाने की सलाह दी है, ग्रामीणों का कहना है कि अब आए दिन ऐसे फर्जीवाड़े और दस्तावेजी धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं, जिनसे गरीब ग्रामीण लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ता है।





# साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल करें पुलिस को कॉल : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आज का दौर डिजिटल है, आधुनिकता के दौर में पैसा ट्रांसफर करना और मंगाना अब काफी सरल हो गया है किन्तु साइबर अपराधी इसी आधुनिकता का गलत फायदा उठाकर लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई संदिग्ध लिंक पर टच करा अथवा बहकावे में लेकर ओटीपी की जानकारी हासिल करते हुए साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे है। साइबर अपराध से बचाव का सबसे कारगर तरीका है खुद जागरूक रहकर सतर्कता बरतना और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना है। उक्त बातें स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रेमनगर में आयोजित साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कही। इस अवसर पर एसएसपी ने प्रशांत कुमार ठाकुर कहा कि जिले के साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम को आम जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जागरूकता के आयोजनों, सोशल मीडिया के माध्यम से लोग लगातार जागरूक हो रहे है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में तकनीक काम को आसान बना रहा है किन्तु साइबर अपराधी तकनीक का गलत फायदा उठाकर लोगों के पैसे का धोखाधड़ी करने में लगे हुए है। कोई आप से ओटीपी मांगता है तो उसे साफ शब्दों में कहे कि ओटीपी नहीं देंगे हमें कोई काम होगा तो हम बैंक जाकर अपना काम करा लेंगे, किसी संदिग्ध लिंक पर टच न करें, व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से परहेज करते हुए सुरक्षित ऑनलाइन आदते अपनाए। साइबर फ्रॉड होने पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए जिससे खाता और रकम तुरंत होल्ड किया जा सके।

# गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में हुई तुलसी साहित्य समिति की सरस काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा केशरवानी भवन में यादव विकास की अध्यक्षता, वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, सच्चिदानंद पांडेय, रामनारायण शर्मा, चंद्रभूषण मिश्र और डॉ. उमेश पांडेय के आतिथ्य में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री आशा पांडेय ने किया।

गोष्ठी का शुभारंभ मां वीणापाणि और गुरुनानक देव के छायाचित्रों को पुष्पांजलि देकर तथा महाकवि तुलसीदास, एसपी जायसवाल व बीडी लाल द्वारा रचित रामायणों का आंशिक पाठ कर किया गया। गीता मर्मज्ञ पं. रामनारायण शर्मा ने गुरुनानक देव के अवदानों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे मानव के रूप में एक ईश्वरीय आत्मा थे। मानव जाति के लिए उनका सबसे बड़ा उपहार मूलमंत्र था, जिसमे सर्वशक्तिमान को एक सर्वव्यापी, एक ईश्वर, निर्माता के रूप में वर्णित किया गया, जो जीवन-मृत्यु से परे तथा सभी जाति, पंथ और धर्म से प्यार करता था। उन्होंने तत्कालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों, छुआछूत, जाति प्रथा आदि का प्रबल प्रतिरोध किया। उन्होंने संपूर्ण विश्व को मानवता, भाईचारा, एकता और पारस्परिक सहयोग का संदेश दिया। समाज को सच्चे आचरण, परिश्रम द्वारा नेक कमाई करने तथा मिल-बांटकर खाने की सलाह दी। विचारक ब्रह्मा शंकर सिंह ने गुरु नानक के जीवन को मानवता का प्रकाश बताते हुए कहा कि उनका दिव्य ज्ञान ईश्वरीय पथ को प्रशस्त करता है। उनकी करुणा सभी प्राणियों पर बिना भेदभाव के बरसती है। वे एक ऐसे साहसी समाज सुधारक थे, जिन्होंने ईश्वरीय मार्ग और कर्मकांडों के बीच बडे. अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने दो दशक से भी अधिक समय तक अपने मूल मंत्र के सार का प्रचार ज्ञात दुनिया के कोने-कोने में किया। वे जहां भी गए सब ओर खुशी और संतोष ही बांटा। दंड देने की शक्ति होने के बावजूद उन्होंने सबको माफ कर सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने इब्राहिम लोदी, काला जादू करनेवाली कंधारी, सामूहिक हत्या करनेवाला सज्जन ठग-सभी के सुधार में मदद की। पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि गुरुनानक ने सबको महिलाओं का सम्मान करने की सलाह दी। गुरुवाणी का उल्लेख करते हुए बताया कि गुरुनानक ने महिलाओं को पुरूषों से श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि हम सब स्त्री से पैदा हुए हैं, गर्भधारण करने वाली स्त्री ही है। स्त्री से विवाह करते हैं, उससे दोस्ती होती है। स्त्री सभी को जन्म दे सकती है। उसी से सभ्यता और व्यवस्था चलती है। स्त्री के बिना कोई अस्तित्व नहीं। पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने भी संबोधित किया और सबको प्रकाश पर्व की बधाई दीं। काव्यगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने गुरुनानक को दिव्य ज्ञान का भवन बताया। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने गुरुनानक पर कविता-मानव-सेवा का मार्ग हमें दिखलाया की सुंदर प्रस्तुति दी। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने प्रकाश को एक प्रक्रिया बताते हुए सबके जीवन में मंगल की कामना की। डॉ. उमेश पांडेय की कविता ज़िंदगी की राहों में की प्रेरणा दी। कवयित्री आशा पांडेय, युवा कवि विकेश गुप्ता, कवयित्री अंजू प्रजापति, प्रकाश कश्यप, कवि अजय सागर, कवयित्री रोशनी कार्तिक, कवि चंद्रभूषण मिश्र व विनोद तिवारी की कविता ने सबको हंसाने के साथ ही सोचने पर भी मजबूर कर दिया। इस दौरान केशरवानी वैश्यसभा के अध्यक्ष मनीलाल गुप्ता, केके त्रिपाठी, प्रमोद, कमलेश कुमार और अशोक सोनकर उपस्थित रहे।

## सीनियर एवं जूनियर सिंगल डांस सेमीफाइनल में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित अनोखी सोच डांस प्रतियोगिता का सीनियर एवं जूनियर सिंगल डांस सेमीफ़ाइनल राउंड सम्पन्न हुआ। इस राउंड में 25–25 प्रतिभागियों ने मंच पर अपने शानदार नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने क्लासिकल, फ्रीस्टाइल, कंटेम्परेरी, और बॉलीवुड जैसे विभिन्न नृत्य शैलियों में प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, भाव-प्रदर्शन, ताल-लय और मंचीय प्रभाव को आधार बनाते हुए निर्णय लिया।

- 8-8 प्रतिभागियों ने बनाई फाइनल में जगह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत सिन्हा, हेमंत तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, चंद्र प्रताप सिंह, सुदामा कुर्रे, पंकज शुक्ला, विनय शर्मा, शैलू सोनी, बनारसी लाल गुप्ता, अतुल मेहता, भोलानाथ गुप्ता, लल्लू गुप्ता एवं श्रीमती उर्मिला सोनी रहे। अतिथियों ने



सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और संस्था की इस पहल की सराहना की। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीनियर वर्ग से 8 एवं जूनियर वर्ग से 8 प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर फाइनल राउंड में जगह बनाई। निर्णायक मंडल में श्रीमती रमिन्दर कौर बाबरा, श्रीमती तनुदीप कौर बाबरा, श्रीमती श्वेता सिन्हा, श्रीमती मीरा साहु, सुश्री लावण्या, रणविजय प्रताप सिंह एवं विनायक पांडेय उपस्थित रहे। संस्था के संयोजक ने बताया कि अनोखी सोच डांस प्रतियोगिता का उद्देश्य नए नृत्य प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करना है। सेमीफाइनल में युवाओं की ऊर्जा और जूनियर की लग्न देखकर हमें गर्व महसूस हुआ। फाइनल राउंड की तैयारी जोरों पर है जो 4 नवंबर को होना है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू,संस्था के सदस्य अभय साहू, लालजी साहू एवं अन्य सभी सदस्य सक्रिय रहे ।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ली संकुल केंद्र प्रभारियों की बैठक

**कुसमी।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल कुमार गुप्ता द्वारा संकुल केंद्र घुटराडीह, जवाहर नगर, कोरंधा, सुरबेना, पाकरडीह संकुल केंद्र प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में स्पष्ट रूप से दिशा



निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में 100 प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति हो। मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार प्रतिदिन छात्रों को दिया जाए, शिक्षकों की उपस्थिति भी प्रति दिन विद्यालय में होना अनिवार्य हो, परीक्षा की तैयारी करवाते हुए विद्यालय में बच्चों को सामान्य ज्ञान की जानकारी देना प्रतिदिन सुनिश्चित करे। इस दौरान सभी संकुल प्रभारी उपस्थित रहे।

## संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एवं रजत जयंती महोत्सव

# विद्यार्थी इंटरनेट का सुरक्षित तरीके से करें उपयोग : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एवं रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ी नक्शा के माध्यम से लोक-संस्कृति, कलाकृतियां एवं महान विभूतियों की झलकियों से सजाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने साइबर क्राइम और साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल जिम्मेदारी और सामाजिक नैतिकता का पालन करने की प्रेरणा दी। शिक्षा में डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को नई तकनीकों के प्रति सजग रहने की बात कही। राम लखन सिंह पैकरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा उसकी संस्कृति और जनजातीय अस्मिता में बसती है। उन्होंने युवाओं से कहा कि अपने क्षेत्रीय गौरव को बनाए रखते हुए शिक्षा और समाजसेवा के माध्यम से राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों ने सड़क सुरक्षा, नियमों के पालन और युवाओं में अनुशासन की भावना पर जोर देते हुए कहा कि जागरूक नागरिक ही सशक्त प्रदेश की पहचान होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती राज्य की प्रगति, समृद्धि और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम की प्रस्तुतीकरण में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के नक्शे की एक भव्य प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई, जिसमें पांच संभाग सरगुजा, रायपुर, दुर्ग, कोरिया और बस्तर में विभाजित कर प्रत्येक संभाग की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विशेषताओं को दर्शाया गया। सरगुजा संभाग के मैनपाट की सुंदरता, बलरामपुर के प्राकृतिक संसाधन, रायपुर के औद्योगिक विकास, दुर्ग की सांस्कृतिक विविधता और बस्तर की जनजातीय परंपराओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों की झलकियों को भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें राज्य के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। शहीदों में वीर नारायण सिंह, बीर मुंडा, ध्रुव , और महेंद्र वर्मा की वीरता की कहानियां दिखाई गईं, वहीं वीरांगनाओं में रानी अवंती बाई लोधी, रानी दुर्गावती, बिलासा बाई और राधा बाई के अदम्य साहस को मंचित किया गया। इस दौरान अमृतलाल ध्रुव, गिरीश गुप्ता, अभय तिवारी, बीके विद्या दीदी, राजेश सिंह सिसोदिया,मनोज गुप्ता, मंगल पाण्डेय, संतोष दास, अनिल कुमार मिश्रा, वंदना दत्ता, श्रीमती हिना खान, आलोक शुक्ला, श्रीमती इंदु मिश्रा, श्रीमती प्रीति तिवारी, रजनीश मिश्रा, शालिनी शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।





श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
HARJEET SINGH JUNEJA
AMBER TYRES
BRIDGESTONE'S EXCLUSIVE SHOWROOM
AUTHORISED DEALER OF APOLLO, MRF, GOODYEAR, CEAT
NEAR LIFELINE HOSPITAL NAMNAKALA
Ring Road Ambikapur


श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
ੴ
स.हरजीत सिंह
सेहत भोजनालय
गांधी चौक सिवील कोर्ट के सामने, अम्बिकापुर


ੴ श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा
रणवीर सिंह छाबड़ा
सिमरनजीत सिंह छाबड़ा
BRIGHT WAY
MULTIBRANDED FAMILY FOOTWEAR SHOWROOM
1-New Market Mahamaya Chowk, Ambikapur
Surguja (C.G.), Mo.- 94252-54055


श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
जसवानी परिवार
अम्बिकापुर - रायपुर


श्री गुरू नानक देव जी
ੴ
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
टुटेजा मेडिकल
देवीगंज रोड, अम्बिकापुर
समस्त टुटेजा परिवार, अम्बिकापुर


ੴ श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
भारत टेंट एजेंसी
गुरूद्वारा के पीछे स्कूल रोड, अम्बिकापुर
मो.- 9669985912


श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी लख-लख बधाईयां...
ੴ
हरमिंदर सिंह "टिन्नी"
सभापति
नगर पालिक निगम
अम्बिकापुर


श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी लख-लख बधाईयां...
ੴ
इन्द्रजीत सिंह धंजल
कांग्रेस नेता - अम्बिकापुर


ੴ
श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
पृथ्वीपाल सिंह धंजल
तेजेन्द्र सिंह धंजल
कुलजीत सिंह धंजल
नरेन्द्र सिंह धंजल
जगजीत सिंह धंजल
कुलराज सिंह धंजल
नवजीत सिंह धंजल
हर्षदीप सिंह धंजल
अभिराज सिंह धंजल
जयमल सिंह धंजल
ऋषिराज सिंह धंजल
विश्वजीत सिंह धंजल
गुरतेज सिंह धंजल
निहाल सिंह धंजल
समस्त धंजल परिवार, अम्बिकापुर


।।सदगुरू नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानण होआ।।
श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी लख-लख बधाईयां...
ੴ
स.गगनदीप सिंह बग्गा (जानु)
हरिभूमि प्रतिनिधि
बिश्रामपुर क्षेत्र (जिला - सूरजपुर)
संचालक - जी.ए. इलेक्ट्रानिक्स
स. इकजोत सिंह बग्गा (अमन)
संचालक
लाइफस्टाईल गारमेन्ट्स
गुरूकृपा रेसीडेंसी - शिवनन्दनपुर (बिश्रामपुर)


श्री गुरू नानक देव जी
के 556 वां प्रकाश पूरब दी
लख-लख बधाईयां...
रविन्द्र सिंह टुटेजा
गुरप्रीत सिंह टुटेजा
डॉ.हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
तेज मेडिकल एण्ड जनरल एजेंसीज
अम्बिकापुर, मो.- 9826103600, 7089311111
तेज एजेंसी
(डीलर - अल्ट्राटेक सीमेंट)
SRS मेमोरियल हॉस्पिटल
अम्बिकापुर मो.- 9617605000, 7049985558
CG ग्लोबल पब्लिक स्कूल

## खबर संक्षेप



### भैयाथान की बेटियों ने खो-खो शतरंज में लहराया परचम

**भैयाथान।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भैयाथान की छात्राओं ने शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए। क्षेत्र की प्रतिभाशाली बालिकाओं ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय व भैयाथान का गौरव बढ़ाया है। खो-खो स्पर्धा में अंशु सिंह, रानू यादव, सीता पण्डो और गीता पण्डो ने अंबिकापुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय रायगढ़ टीम में अपनी जगह बनाई। वहीं खुशी सिंह एवं पुष्पा पैकरा का चयन राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता, कांकेर के लिए हुआ है। शतरंज में वर्षा सिंह टेकाम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। छात्राओं की इस सफलता में कोच एवं शिक्षक महेश कुजूर का प्रशिक्षण व मार्गदर्शन, प्राचार्य सुखेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र कुमार सोनी, संजीव मंडल, अमित सिंह, सुनील वर्मा, केदार पैकरा, संतोष सिंह,उमेश कंसारी सहित शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा हॉस्पिटल, नोटिस जारी

**अम्बिकापुर।** नर्सिंग एक्ट के तहत पंजीयन कराए बिना ही हॉस्पिटल का संचालन किए जाने के मामले में नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में हॉस्पिटल में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के निर्देश पर नायब तहसीलदार लकेश्वर सिदार, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. राजेश भजगावली, नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ. पीके सिन्हा ने मायापुर ठनगन पारा स्थित एसजे हेल्थ केयर हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह बात सामने आई कि संचालक बिना रजिस्ट्रेशन कराए ही हॉस्पिटल का संचालन कर रहा था। अस्पताल में नर्सिंग होम एक्ट के तहत ओपीडी, आईपीडी के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी, फायर सेफ्टी के उपकरण एक्सपायर हो चुके थे इसके साथ ही अस्पताल द्वारा नर्सिंग होम एक्ट में विहित धाराओं, मापदंड एवं नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जांच के दौरान कई कमियां पायी गई जिसके आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एसजे हेल्थ केयर हॉस्पिटल के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचालक को तीन दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने कहा गया है। स्पष्टीकरण समय सीमा में अप्राप्त होने एवं संतोषजनक जवाब नहीं होने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पेज 1 के शेष...

### चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर...

स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इधर घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल आरोपी को पकड़ने रवाना हुई। पुलिस दलबल के साथ आरोपी के घर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देख भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कई गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### सरगुजा के बड़े इलाके से दोनों प्रजाति के पेड़ों का सफाया

# बिना अनुमति उत्तरप्रदेश के तस्कर कर रहे नीलगिरी एवं सेमल पेड़ों की अवैध कटाई



काटे गए नीलगिरी के पेड़।



परिवहन करता ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरियाली को बनाए रखने के लिए शासन ने कड़े नियम बनाए हैं लेकिन तस्कर बेखौफ होकर शासन के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। शासन के निर्देशों का पालन कराने वाले जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी आंखें मूंद ली है जिसके कारण तस्कर न केवल हरे-भरे पेड़ों की बेखौफ होकर कटाई कर रहे हैं बल्कि बिना ट्रांजिट पास के यूपी में परिवहन कर रहे हैं।

**खास बात**
- बिना टीपी ट्रकों से ले जा रहे यूपी

शासन ने किसानों की निजी भूमि में लगे कुछ प्रजाति के पेडों के काटने एवं निजी उपयोग के लिए वन विभाग की अनुमति से मुक्त किया है। इस छूट का लोग गलत उपयोग न कर सकें इसलिए अनुमति की प्रक्रिया को आसान की गई है तथा वन विभाग की अनुमति मुक्त प्रजाति के पेडों को काटने के लिए एसडीएम अथवा तहसीलदार की अनुमति को आवश्यक की गई है। कृषक के आवेदन पर राजस्व अधिकारी संबंधित वनकर्मी से पेड़ों का सत्यापन कराने के बाद अनुमति प्रदान करते हैं। अनुमति मुक्त नीलगिरी एवं सेमल प्रजाति के पेड़ों की कटाई के लिए राजस्व अधिकारियों की अनुमति जरी है लेकिन राजनैतिक संरक्षण में यूपी के तस्कर बेखौफ होकर नीलगिरी एवं सेमल प्रजाति के पेड़ों का सफाया कर रहे हैं। पिछले दो सालों से धड़ल्ले से चल रही नीलगिरी एवं सेमल के पेड़ों की कटाई रूकने का नाम नहीं ले रही है। लकडी तस्करों की दबंगई के आगे अधिकारी न तो प्रशासनिक अनुमति की जांच-पूछ कर रहे हैं न ही इसकी आड़ में चल रही इमारती लकड़ियों की तस्करी की जांच कर रहे हैं। हालत यह है कि सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के एक तिहाई हिस्से के इस प्रजाति के पेड़ों का पूरी तरह सफाया हो चुका है। अब तस्कर नए क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं। पेड़ों की कटाई ऐसे ही चलती रही तो नीलगिरी एवं सेमलके पेड़ों का नामो निशान तक नहीं बचेगा।

#### ठग रहे किसानों को

तस्कर किसानों को भी उनके पेड़ों की वाजिब कीमत नहीं दे रहे हैं। प्रशासनिक अनुमति में बड़ी राशि खर्च होने का हवाला देकर तस्कर कृषकों से 2 रूपए किलो की दर से सेमल व नीलगिरी की लकड़ी खरीद रहे हैं तथा विशाल पेड़ों की कीमत 3-4 हजार रूपए भुगतान कर रहे हैं जो जलाऊ लकड़ी से भी काफी कम है। क्षेत्र में नीलगिरी की लकड़ी की मांग कम होने के कारण किसान भी तस्करों से मिली राशि पर संतोष कर ले रहे हैं। हकीकत मालूम होने के बाद अब चारों तरफ पेड़ कटाई का विरोध हो रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं।

#### परिवहन नियमों की भी अनदेखी

छत्तीसगढ़ में नीलगिरी एवं सेमल प्रजाति के पेड़ों के परिवहन एवं उपयोग पर छूट है लेकिन दूसरे राज्यों में अनुमति मुक्त प्रजाति पेड़ों की लकड़ी परिवहन के लिए अभिवहन पास जरूरी है। वन अधिकारियों के अनुसार अनुमति मुक्त प्रजाति के पेड़ों लकड़ी छत्तीसगढ़ से बाहर ले जाने के लिए पंचायत को टीपी जारी करने का निर्देश दिया गया है। परिवहन के पूर्व बीटगार्ड लकड़ी का सत्यापन करता है जिसके आधार पर ग्राम पंचायत टीपी जारी करती है। इस टीपी को नेशनल ट्रांजिट परमिट सर्विस के पोर्टल में एंट्री कराना पड़ता है। तस्कर राजस्व अधिकारी से एक किसान के स्वामित्व के पेड़ों की अनुमति लेकर दर्जनों किसानों के पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। परिवहन पास के नाम पर भी तस्कर बड़ा फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व वन अधिकारियों ने यूपी जा रहे लकड़ी लोड ट्रकों की जांच की तो एनटीपीएस में पंजीयन कराए बिना दूसरे राज्य में लकड़ी परिवहन करने एवं ट्रांजिट पास में दर्ज मात्रा से काफी अधिक लकड़ी परिवहन करने का खुलासा हुआ। तस्कर शासन के निर्देशों की अवहेलना कर उपयुक्त टीपी के बिना हर दिन 5-6 ट्रक लकड़ी दूसरे राज्यों में परिवहन कर रहे हैं।

#### की जा रही राजसात की कार्रवाई

अंतर्राज्यीय जांच नाका वाड्रफनगर में हाल ही में नियम विरूद्ध परिवहन पर दो एवं दो दिन पूर्व सनावल में नीलगिरी की लकड़ी लोड़ दो ट्रकों को जब्त किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच उपरांत ट्रकों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। चालक टीपी की फोटोकॉपी लेकर लकड़ी परिवहन कर रहे थे। ट्रक में दर्ज मात्रा से अधिक लकड़ी मिली है जिसकी जांच की जा रही है।

-आलोक बाजपेयी
डीएफओ, बलरामपुर



## अधिवक्ता संघ की जन जागरूकता रैली कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला न्यायालय के नवीन भवन के विवादित स्थानांतरण को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने जन समर्थन से आन्दोलन करने का निर्णय लिया है। आंदोलन शुरू करने के पूर्व 6 नवंबर को अधिवक्ता जन जागरूकता रैली निकालेंगे।

- कार्यकारिणी की बैठक में भवन निर्माण को लेकर की गई चर्चा

शासन द्वारा जिला न्यायालय भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके लिए प्रशासन द्वारा ग्राम चठिरमा में भूमि आबंटित की गई है। ग्राम चठिरमा में न्यायालय भवन बनाने पर अधिक दूरी के कारण क्षेत्रवासियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए अधिवक्ता संघ पर्याप्त जगह उपलब्ध होने की स्थिति में वर्तमान परिसर में भी नवीन भवन निर्माण करने की मांग कर रहा है। इस मुद्दे को लेकर मंगलवार को अधिवक्ता संघ की बैठक हुई जिसमें विवादित स्थानांतरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जन सामान्य को स्थिति से अवगत कराने के उद्देश्य से 6 नवंबर की सुबह 11 बजे जन जागरूकता रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होगी तथा महामाया चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, ब्रह्म रोड, संगम चौक का भ्रमण करते हुए गांधी स्टेडियम में पहुंचकर समाप्त होगी। इस दौरान सभा आयोजित कर अधिवक्ता प्रशासनिक निर्णय से अवगत कराने के साथ ही आन्दोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। संघर्ष समिति के संयोजक संतोष सिंह ने बताया कि न्यायिक संस्थाओं के सुचारू संचालन, वादकारियों की सुविधा एवं विधि सम्मान के लिए आंदोलन लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं लोक हितकारी स्वरूप में किया जाएगा। इस दौरान अधिवक्ता संजय अम्बष्ट, सरिता पांडेय, नितेश चंद्र शुक्ल, सम्पूर्णान्क गुप्ता, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, दिलीप गुप्ता, अनिल सिन्हा, रोहित तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, लोगों में दहशत

**सूरजपुर।** शहर में एक बार फिर इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 8 में घर के बाहर खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी अचानक धू-धू कर जल उठी। देखते ही देखते स्कूटी पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई जिससे आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। लोगों ने रेत और पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक स्कूटी बुरी तरह से जल चुकी थी। स्कूटी से बैटरी निकालने के बाद भी घंटों तक धुआं उठता रहा। इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि अगर आग फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि जिस समय स्कूटी में आग लगी उस समय पास कोई नहीं था, नहीं तो जनहानि भी हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।



## विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि कांग्रेस ने सरगुजा जिले के 787 मतदान केन्द्रो में शत प्रतिशत पार्टी के बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर दी है। प्रशिक्षण में मौजूद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और मण्डल अध्यक्षों को उन्होंने निर्देशित किया कि बूथ लेवल एजेंट को जनहित में एसआईआर की प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता के साथ मतदाताओं की सहायता करने को तत्पर और तैयार रहना है।

- मतदाताओं का सहयोग करने के दिए गए निर्देश

एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अनूप मेहता ने बताया कि वर्ष 2003 के विशेष पुनरीक्षण में तैयार मतदाता सूची में अगर किसी मतदाता का या उसके माता-पिता का नाम है तो उसे किसी और दस्तावेज को गणना प्रपत्र के साथ देने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में 2003 में दर्ज नाम का एक्सट्रैक्ट निकाल कर उसे गणना प्रपत्र के साथ संलग्न करना ही पर्याप्त रहेगा। निर्वाचन विभाग ने बीएलओ इसके लिए मतदाताओं की सहायता करने के लिये निर्देश दिये हैं। निर्वाचन विभाग के साथ हुई बैठक का हवाला देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अनूप मेहता ने प्रशिक्षण में जानकारी दी कि लगभग 70 प्रतिशत मतदाताओं का ऐसा रिकॉर्ड गणना प्रपत्र के साथ संलग्न करना उचित रहेगा। कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि जिस मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 के पूर्व हुआ है और अगर उसका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है तो उसे स्वयं के जन्म एवं निवास से संबंधित दस्तावेज देना होगा। जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के मध्य हुआ है उन्हें स्वयं के साथ ही साथ उनके माता या पिता में से किसी एक का जन्म और निवास से संबंधित दस्तावेज देना होगा। जिन मतदाताओं का जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद हुआ है उन्हें अपने साथ ही साथ अपने माता और पिता दोनो के जन्म एवं निवास से संबंधित दस्तावेज देने होंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर के मध्य बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को 2 प्रति में गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और भरे हुए गणना प्रपत्र और दस्तावेजों को भी वो घर घर जाकर एकत्र करेंगे। अगर किसी कारणवश कोई मतदाता इस अवधि में गणना प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो वह 8 नवंबर से 7 नवंबर के दावा आपत्ति की अवधि में फार्म 6 और उसका घोषणा पत्र भरकर अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है।




#### मतदाताओं को खुद को वैध साबित करने की बात अन्यायपूर्ण : सिंहदेव

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि चुनाव आयोग ने इस एसआईआर की प्रक्रिया में मतदाताओं पर यह बोझ डाल दिया है कि वो खुद को वैध मतदाता साबित करें, यह बात इस देश के मतदाताओं का अनादर करने के साथ ही साथ उनके साथ अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूर्व में देश में 8 बार मतदाता सूचियों का विशेष पुनरिक्षण हुआ किंतु कभी भी मतदाता पर यह भार नहीं होता था कि वो खुद को वैध साबित करे। यदि किसी मतदाता को लेकर कोई आपत्ति आती थी तो चुनाव आयोग उसकी जांच कर उस मतदाता की वैधता और अवैधता पर विचार करता था। लेकिन इस एसआईआर की प्रक्रिया में मतदाताओं पर ही बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने मतदाताओं से यह अपील की है कि गणना प्रपत्र के साथ जमा किये जा रहे दस्तावेजों का विवरण गणना प्रपत्र में दर्ज कर उसकी पावती प्राप्त करें। उन्होंने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को और विशेषतौर पर बीएलए को आम मतदाताओं के मदद के लिए तत्पर और तैयार रहने का निर्देश भी दिया।



### सुन्दरपुर हाई स्कूल के 19 छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

**भैयाथान।** सुंदरपुर हाई स्कूल में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और छात्राओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की 19 छात्राओं को शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि साइकिल वितरण योजना से छात्राओं की शिक्षा यात्रा सुलभ और सुरक्षित बनेगी। शासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जनपद सदस्य शशिकला राजेश सिंह, शत्रुघन तिवारी, निर्मला अगरिया,वीरेन्द्र सिंह, विशाल पटेल, प्राचार्य अशोक कुमार, हरिशंकर लाल दुबे, जुगेन्द्र सोनी, फूलमनी तिर्की, ज्योति खाड़े, रजनीश तिवारी, गजराज सिंह, पारसनाथ विश्वकर्मा सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## फर्नीचर गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को एमजी रोड स्थित फर्नीचर गोदाम में आग लगने का मामला सामने आया है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इस दौरान घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। इस घटना से संचालक को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एमजी रोड में लक्ष्मी मोटर्स के पीछे वैभव फर्नीचर के नाम से दुकान संचालित है। संचालक मुकेश अग्रवाल के अनुसार दुकान में फर्नीचर और प्लाई का काम होता है। सोमवार को काम खत्म होने के बाद कर्मचारी गोदाम बंदकर चले गए थे।

- दमकल विभाग ने दो घंटे की मशक्कत उपरान्त पाया काबू

मंगलवार की सुबह 8 बजे जब वे दुकान पहुंचे तो दुकान का शटर खुल नहीं रहा था और काफी गर्म हो गया था। ऐसे में उन्होंने इसकी जानकारी संचालक को दी। संचालक ने दुकान में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद शटर उठाकर आग बुझाने का काम शुरू किया। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। दमकल विभाग से अग्निशमन अधिकारी फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी, गुलशन तिवारी, राजू गोस्वामी, विकास पांडे, राकेश रावत, बीजू नायर, राजेश्वर गुप्ता, विजय यादव, अजीत एक्का ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घ्रनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411